संसद सदस्यों ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली 03 दिसंबर 2020 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री ग़ुलाम नबी आज़ाद; केंद्रीय संसदीय कार्य, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय संसदीय कार्य एवं विदेश राज्य मंत्री श्री वी मुरलीधरन, तथा सभापति, लोक लेखा समिति श्री अधीर रंजन चौधरी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एस राधाकृष्णन नें 5 मई 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।